# चीनी के प्रॉडक्शन में 7% गिरावट

## मौजूदा शुगर सीजन में अभी तक 215 लाख टन चीनी का प्रॉडक्शन

[ ईटी ब्यूरो | नई दिल्ली ]

**गन्ने की** पेराई के आखिरी चरण में मौजूदा सीजन के दौरान देश में चीनी का प्रॉडक्शन अभी भी पिछले सीजन के मुकाबले 7 फीसदी कम है। देश भर में मिलों ने अक्टूबर 2013 से सितंबर 2014 तक चले वाले शुगर सीजन में अभी तक 215 लाख टन चीनी का ही प्रॉडक्शन किया है।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने बताया कि महाराष्ट्र में चीनी मिलों ने 70.1 लाख टन चीनी का प्रॉडक्शन किया, जो पिछले वर्ष के 77.3 लाख टन के प्रॉडक्शन से लगभग 9 फीसदी कम है। अभी लगभग 85 मिलों में गन्ने की पेराई चल रही है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 42 मिलें पेराई कर रही थीं। मार्च की समाप्ति तक कुल 621 लाख टन गन्ने की पेराई की गई और इससे एवरेज रिकवरी 11.3 फीसदी रही।

उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष चीनी मिलों ने गन्ने के मूल्य के मुद्दे पर एक महीने के लिए अपना ऑपरेशन बंद कर दिया था और राज्य में प्रॉडक्शन 13 फीसदी कम रहा है। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों ने लगभग 628 लाख टन गन्ने की पेराई की है और 9.21 फीसदी की एवरेज रिकवरी के साथ लगभग 58 लाख टन चीनी का प्रॉडक्शन हुआ।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुगर प्रॉडक्शन में गिरावट की वजह कम यील्ड और ऑल्टरनेट स्वीटनर मैन्युफैक्चरिंग करने वाली इंडस्ट्री को गन्ने की ज्यादा सप्लाई है।

कर्नाटक में चीनी मिलों ने 37.5 लाख टन चीनी का प्रॉडक्शन किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 33.6 लाख टन था। आंध्र प्रदेश में शुगर प्रॉडक्शन 9.40 लाख टन रहा, जो पिछले साल के इसी समय में 9.66 लाख टन का था।

Economic Times

3/4/14

✓